
nbt.india
एकः सूते सकलम्

# रीडर्स क्लब बुलेटिन

# READERS' CLUB BULLETIN

PRICE ₹15.00

Vol. 29 No. 04 : Nov to Dec 2024





SPECIAL ATTRACTIONS


**04** | From Young Writers **28** | Fun-o-Fact **32** | Comic Strip **34** | Creative Time

# Readers'Club Bulletin is now Bi-MonthLY!!!


# रीडर्स क्लब बुलेटिन अब हो गया है द्विमासिक !!!









Double the fun
Every two months
From this November,
We'll see you every
**OTHER MONTH**



**Editor** : Kanchan Wanchoo Sharma
संपादक : कंचन वांचू शर्मा

**Production Officer** : Narender Kumar
उत्पादन अधिकारी : नरेन्द्र कुमार

**Editorial Associates** : Deepa & Simran Kalsi
संपादकीय सहायक : दीपा व सिमरन कलसी

**Illustrator** : Deepak Das
चित्रकार : दीपक दास

**Printed and Published by:**
Anuj Kumar Bharti on behalf of National Book Trust, India and printed at Salasar Imaging Systems, A-97, Sector-58, Noida-201301, Uttar Pradesh, and published at National Book Trust, India, Nehru Bhawan, 5 Institutional Area, Phase-II, Vasant Kunj, New Delhi-110 070.

**Typeset and Design by** : Ojaswini Avantika

Per copy (एक प्रति) : ₹ **15.00**
Annual subscription (वार्षिक ग्राहकी) : ₹ **50.00**

कृपया भुगतान **नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया** के नाम भेजें। यह बुलेटिन राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र से जुड़े पाठक मंचों को नि:शुल्क वितरित की जाती है।

*Please send your subscription in favour of* ***National Book Trust, India.*** *This Bulletin is meant for free distribution to Readers' Clubs associated with National Centre for Children's Literature.*

**राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र**
राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेस-II,
वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110 070

**National Centre for Children's Literature**
National Book Trust, India
5 Institutional Area, Phase - II,
Vasant Kunj, New Delhi-110 070

E-MAIL (ई-मेल) : nccl.nbtindia@gmail.com



## From the Editor's Desk

As we bid farewell to 2024, it's the perfect time to pause, reflect, and celebrate the moments that made this year special. From cherished memories to personal growth, each experience has shaped us, teaching valuable lessons and sparking new aspirations. Let's embrace the spirit of gratitude as we prepare to welcome a fresh year brimming with possibilities.

This issue is packed with exciting features like Vedic Maths, Know Your State, Creative Time and enchanting short stories. We are starting a comic strip - Addu ki Duniya - from this edition onwards. Hope you like it!

This edition highlights the Udaipur Pustak Pradarshini and Good Governance Day, two inspiring events that celebrate the power of literature and the principles of effective governance.

We hope this issue fills you with warmth and inspiration as you reflect on the past and look forward to an exciting year to come!

VOLUME **29** | ISSUE **4** | NOV - DEC 2024

## CONTENTS सूची

**From Young Writers**
- हिन्दी मेरी पहचान ........ 4
- The Spirit of Christmas ........ 5
- Beauty of the Soul ........ 6
- If the World was Peaceful ........ 7
- A World full of Wonders ........ 8
- Definition of Time ........ 9
- My Library ........ 10
- Tricky Maths ........ 11
- Echoes of Freedom ........ 12
- अनोखी कंप्यूटर हड़ताल ........ 14
- जादुई हीरा ........ 16

**Vedic Maths** ........ 17

**From Authors**
- आम के आम गुठलियों के दाम ........ 18
- हमारा परिवार ........ 20
- अपनों का दर्द ........ 22
- समुंद्र किनारे ........ 24
- अम्मा अब तो सर्दी आई ........ 26
- मुन्ने का बस्ता ........ 27

**Fun-o-Fact**
- Know Your State ........ 28
- Do You Know? ........ 28
- This month (सुशासन दिवस) ........ 29

**Udaipur Pustak Pradarshini** ........ 30

**Comic Strip** (अद्दू की दुनिया) ........ 32

**Creative Time!** ........ 34

# हिन्दी मेरी पहचान

मेरी भाषा, तुम्हारी भाषा,
हिंदी है हम सबकी भाषा।
मेरी पहचान, मेरी अभिलाषा
हिंदी मेरी प्यारी भाषा।

बच्चन, प्रेमचंद और निराला,
हिंदी का सम्मान बढ़ाते हैं।
महादेवी, अमृता और सुभद्रा,
इसमें चार चाँद लगाते हैं।

हम सबका यह कहना है,
हिंदी भारत माँ का गहना है।
भाषा नहीं, हिंदी मेरी जान है,
मेरा जीवन, मेरी पहचान है।

हिंदी से है हमारे देश का नाम,
आओ, मिलकर करें इसका सम्मान।
हमारी प्यारी भाषा, प्यारा देश हमारा,
हिंदी हैं हम! वतन है हिन्दोस्ताँ हमारा।

**अवनि राज**
कक्षा 6
समर फील्ड्स स्कूल, कैलाश कॉलोनी
anushraj2008@gmail.com



# The Spirit of Christmas



Twinkling lights and falling snow,
Candles bright with a gentle glow.
Holly wreaths and mistletoe,
It's Christmas time, let joy bestow.

Stockings hung and bells that chime,
Songs of cheer in perfect rhyme.
Gifts wrapped up in ribbons tight,
Hearts aglow with pure delight.


Children's laughter fills the air,
Love and kindness everywhere.
Friends and family gathered near,
Spreading warmth, this time of year.

The tree adorned in silver and gold,
With stories cherished, tales retold.
Around the fire, soft and bright,
We share with love this holy night.

For Christmas isn't just a day,
But a feeling that won't fade away.
A time to give, a time to care,
The spirit of Christmas, beyond compare.

**Aarush Pathak**
6th Class
Bal Bhavan Public School, Mayur Vihar
kirtibhardwaj525@gmail.com

# Beauty of the Soul



The years passed by,
under the large and lively sky,
scattering of the light coloring it blue,
the nuances of life passing through.

The face has laughed multiple times,
the heart has cried on several nights.
The years of toil has turned ripe,
tired limbs trying to match the hype.

Wrinkles may take over
the dimples of the face,
but the beauty of the soul
still marks its presence.

**Anindita Santra**
12th Class
SR DAV Public School, Dayanand Vihar
rina_santra@rediffmail.com

# If the World was Peaceful

What if we could live a life with no wars?
What if the world had no battle scars?
What if, all of us could live like sugar in a jar!

In times of conflicts, there is only fear.
There is nothing to feel proud about, there is nothing to cheer.

Religions, nationalities, ideologies or even lifestyle
We have created countless reasons to become hostile!

But what if we all became allies and the world was full of peace,
Where humankind could live, without having bad dreams.


What if we all were benevolent towards each other?
What if kindness became the prevalent 'trend,' I wonder?

What if humanity came above everything else,
What if goodwill, brotherhood and peace prevails?

Let us all vow to become ambassadors of peace,
So that everyone can live their lives in ease.

Let's all pledge for peace as it's never too late
Let's all bring a world where there is no hate.

**Shagun Das**
8th Class
Indraprastha international school, Dwarka
shagundas11@gmail.com




# A World Full of Wonders

A world full of wonders
But not a world under the sea
For that is marine biology

No. I'm looking at archaeology
Especially on land
A world full of wonders
And a world beneath the sand





Go on digs, find something new:
The thing which you found is a
dream come true!


A study of civilizations
A study of human activity
A world unearthed
Resetting our idea of history

Go on digs, find something new:
History reveals itself
We first see, then learn

Things were very different
Decidedly difficult
No high tech Yet many advances
No easiness Yet much awesomeness

Archaeology: Uncovering civilizations and cultures
Uncovering archives
Life laid bare, out in the open and in the sun

History revealed, Antiquity unveiled
Archaeology unfurls the saga of the past
And yes, it is, most definitely
Meant for you and me



**Sarah Rose**
10th Class
Pathways School, Noida
jayabhattacharjirose1@gmail.com

# Definition of Time


Time is slow when you wait!
Time is fast when you late!

Time is deadly when you are sad!
Time is short when you are happy!

Time is endless when you are in pain!
Time is long when you feel bored!

Everytime, time is determinate.
By your feelings and your psychological conditions
And not by clocks.
So have a nice time always.

**Nitish Kumar**
10th Class
G.S.S.S Kot Baba Deep Singh (B), Amritsar
reetarani22969@gmail.com




# My Library

My library is the best,
It has so many books,
All the genres comedy and horror.
As humour books make us laugh,

Horror leaves us electrified
When we read, the time flies.
It gives us knowledge,
And helps us thrive.

We can read our favourite book,
Sitting in the cosy corner of a library.
We can also carry a book home,
Borrowing it from the librarian ma'am.

**Vaishnavi**
4th Class
Bal Bharati Public School, NOIDA
mamta.maggu@nd.balbharati.org



# Tricky Maths

Maths, maths, a subject at school,
Maths, maths is really cool!

Triangle, circle and square.
Dividing and factor pairs!
Adding and multiplication,
Always remember the subtraction!

Working out difficult angle,
Tricky Math can get you into a tangle!
Confusing π to the 84 digit,
Never ever forget all your math kit!

Graphs and charts neatly done,
It's now the end of the day so finish that sum!

**Rajbeer Singh**
10th Class
G.S.S.S Kot Baba Deep Singh (B), Amritsar
reetarani22969@gmail.com




# Echoes of Freedom

On a warm October morning in 1930, the streets of Sabarmati were alive with anticipation. The villagers had gathered in small groups, whispering about the day that had begun to hold deep meaning for every Indian yearning for freedom. It was the second of October. The air was thick with a sense of reverence as people prepared to celebrate the birth of Mahatma Gandhi, the man who had become a beacon of hope for the oppressed.

Mahatma Gandhi, clad in his simple dhoti, was sitting under a large banyan tree near the ashram. He was engrossed in a discussion with some of his closest followers, including Jawaharlal Nehru and Sardar Patel. His calm demeanor and piercing eyes reflected the quiet strength that had come to define him. Though his body was frail from countless fasts and imprisonments, his spirit remained unbreakable.

As the sun climbed higher in the sky, more people began to gather at the ashram, eager to hear the Mahatma speak. It was a day of reflection, a day to renew their commitment to the struggle for independence.



Mahatma Gandhi rose to his feet, the crowd falling silent as he began to speak. His voice, though soft, carried the weight of truth and compassion.

"Today, we celebrate not just my birth, he began, but the birth of a movement—a movement rooted in truth, non-violence, and the belief that every human being has the right to live with dignity. Our fight is not against the British people, but against the system of oppression that denies us our freedom."

The crowd listened intently, hanging on to his every word. Gandhi ji spoke of the importance of unity, of standing together as one nation regardless of caste, creed, or religion. He urged them to embrace the path of non-violence, even in the face of brutality.

As he continued, Gandhi ji's voice took on a tone of urgency. "The road ahead will not be easy. We will face many challenges, and there will be times when we feel like giving up. But remember, the power of truth and love is stronger than any weapon. It is our duty to keep this flame alive, to pass it on to future generations so that they may live in a free world."

The crowd burst in applause, moved by the sincerity and conviction in his words. For many, this day was more than a celebration; it was a reminder of their collective strength and resolve.

As the day drew to a close, the people of Sabarmati returned to their homes, their hearts filled with renewed determination. Mahatma Gandhi too retreated to the quiet of his ashram, knowing that the journey to freedom was far from over. But he also knew that with each passing year, the spirit of this day would continue to inspire millions to carry on the struggle for a better India.

**Aarav Tiwari**
6th Class
Bal bhavan public school, Mayur Vihar
kirtibhardwaj525@gmail.com



प्रिय पाठक,

क्या आपको लिखना अच्छा लगता है? क्या आप अपनी कल्पना का प्रयोग कर रोमांचक कहानियाँ, कविता, और निबंध लिख सकते हैं? तो यह आपके लिए एक उत्तम अवसर है।

सबसे दिलचस्प लेखों को हम अपने पाठक मंच के अगले संस्करण में प्रकाशित करेंगे।

आप अपनी रचनायें हमें निम्नलिखित ईमेल पर भेज सकते हैं।

Dear Children,

Do you find writing interesting? Can you use your imagination to write exciting stories, poems, and essays? Then this is a perfect opportunity for you!

We will publish the most interesting submissions in our next edition of Readers' Club Bulletin.

You can share your articles on the email address mentioned below.

**nbtindianccl93@gmail.com**

# अनोखी कंप्यूटर हड़ताल

एक कंप्यूटर ने दूसरे कंप्यूटर से कहा, ये इंसान कितने आलसी हो गये हैं, कोई काम खुद नहीं करना चाहते। दूसरे कंप्यूटर ने कहा, "हाँ, ऊपर से ये ए.आई. और आ गया। पहले फिर भी थोड़ी मेहनत करते थे। पर अब तो ए.आई. को बोला और झटपट काम हो गया।"

पहला कंप्यूटर बोला, "लेकिन इन्हें हमारे बारे में भी तो सोचना चाहिए। हम भी तो थक जाते हैं।"

"सारा काम अगर हम ही करते रहेंगे तो ये इंसान क्या करेंगे?" दूसरा बोला।

"इन सभी का दिमाग काम करना बंद कर देगा, क्यूंकि ये अपना काम तो हमसे करवाते हैं।" बात आगे बढ़ाते हुये पहला बोला।

"बस, अब बहुत हुआ। हम अब इंसानों का कोई काम नहीं करेंगे।" दूसरे ने जवाब दिया।

"हमें अपने साथियों से बात करके एक साथ हड़ताल करनी चाहिए। आखिर वे भी इस बात से परेशान होंगे।" पहले ने चिंताजनक स्वर मे कहा।

"लेकिन सबसे बात कैसे करें?" दोनों के सामने यह समस्या थी।

"जैसे ये इन्सान एक दूसरे से बात करते हैं।" दूसरा बोला।

"मगर कैसे?" पहले कंप्यूटर ने पूछा।

"अरे! ये इंसान व्हाटसअप, कॉल और ई-मेल से बात करते हैं। हम भी ऐसे ही करेंगे।"

दोनों ने सभी कंप्यूटरों को ईमेल किया। सारे कंप्यूटर मान गए क्यूंकि वो भी इस समस्या से परेशान थे। तय हुआ कि हड़ताल कल से ही शुरू कर दी जाएगी। लेकिन समस्या यह थी की हड़ताल का नाम क्या रखा जाए। रातभर सोच विचार के बाद नाम रखा 'अनोखी कंप्यूटर हड़ताल'।



हड़ताल शुरू हुई। जैसे ही कोई इंसान कंप्यूटर चलाता वैसे ही स्क्रीन पर कुछ कोड्स आते और अंत में 'अनोखी कंप्यूटर हड़ताल' लिखा हुआ आता और कंप्यूटर बंद हो जाता। मात्र एक दिन में दुनिया के लगभग नब्बे प्रतिशत कंप्यूटर बंद हो गये।

सभी बड़ी-बड़ी कंपनियाँ बंद हो गयीं। सभी चीजों के दाम बढ़ने लगे, क्योंकि कंप्यूटर न होने के कारण कंपनियों की मशीनें बंद हो गयीं। केवल पहले से बना सामान ही इस्तेमाल हो रहा था। बड़े-बड़े इंजीनियर समस्या का पता लगाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन कोई परिणाम नहीं निकल रहा था।

लगभग एक महीना ऐसे ही बीत गया। देखने पर लगता था कि जैसे मानव दुबारा पुराने समय में आ गया हो। दिन रात कोशिश करने के बाद भी कोई तकनीकी खराबी नहीं मिली।


हर कंप्यूटर पर आने वाले संदेश 'अनोखी कंप्यूटर हड़ताल' से कंप्यूटर की हड़ताल के बारे में पता चल चुका था।

लेकिन समस्या यह थी कि हड़ताल खत्म कैसे करें। ऐसे मे लोग खुश भी थे और परेशान भी। खुश इसीलिए क्योंकि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिल रहा था।

लेकिन दुखी इसीलिए यदि ऐसे ही चलता रहा तो खाने को कहाँ से आयेगा। तय हुआ कि कंप्यूटरों से बात कर हड़ताल खत्म कराई जाए।

कंप्यूटरों ने अपना पक्ष रखते हुये कहा की तुम लोग सारा काम हम से करवाते हो, खुद कुछ नहीं करते।

विशेषज्ञों ने कहा चलो संधि करते हैं। कंप्यूटरों ने कहा की व्हाट्सऐप चैट्स, सोशल मीडिया सर्फिंग को कम करके इंसानो को वह समय अपने परिवार के साथ बिताना होगा और जो जरूरी कार्य



होगा बस वही कंप्यूटर्स पर किया जाये। सबको यह बात जच गयी।

उन्होंने संधि स्वीकार कर ली। जैसे ही संधि पर हस्ताक्षर हुए कंप्यूटर पुनः चालू हो गए।

**वरेण्य**
कक्षा 6
विश्व भारती पब्लिक स्कूल, अलीगढ़
varenyanishchal@gmail.com

# जादुई हीरा

प्राचीन समय की बात है, एक राज्य में एक लालची राजा रहता था। उसके पास अपार धन-दौलत होने के बावजूद उसका लालच खत्म नहीं होता था। एक दिन, एक बूढ़े साधु राजा के पास आए और उन्हें एक जादुई हीरा भेंट किया। साधु ने बताया कि यह हीरा आपकी हर इच्छा पूरी करेगा, लेकिन हर इच्छा की एक कीमत होगी। राजा यह सुनकर बेहद खुश हुए और हीरा अपने पास रख लिया।

राजा ने अपनी पहली इच्छा के रूप में बहुत सारा सोना मांगा। तुरंत उनका महल सोने के सिक्कों से भर गया। लेकिन राजा संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने गहने, जमीन, और खजाने मांगे, और वह सब भी उन्हें मिल गया। जैसे-जैसे उनकी इच्छाएं बढ़ती गईं, वैसे-वैसे उनके राज्य के लोग गरीबी में डूबते गए। हीरे की शक्ति से राजा की इच्छाएं तो पूरी हो रही थीं, लेकिन उनकी कीमत राज्य के लोगों को चुकानी पड़ रही थी। उनकी जमीनें बंजर हो गईं, फसलें सूख गईं, और लोग भूखे मरने लगे।

लोग राजा से विनती करने लगे कि वह रुक जाए, लेकिन लालच में अंधा राजा उनकी एक नहीं सुनता। एक रात, राजा के स्वर्गीय पिता उनके सपने में आए और चेतावनी दी कि एक दिन यह लालच सब कुछ नष्ट कर देगा। राजा को अपनी गलती का एहसास हुआ और अगले दिन उन्होंने राज्य के सभी लोगों को बुलाया और अपनी गलतियों के लिए माफी मांगी।

उन्होंने अपने धन का उपयोग राज्य की भलाई के लिए करना शुरू किया। गरीबों की मदद की, किसानों को उनकी जमीनें लौटाईं, और राज्य को फिर से समृद्ध बनाया। राजा को जीवन की सबसे अनमोल सीख मिली की सच्ची खुशी लालच में नहीं, बल्कि दयालुता और दूसरों की भलाई में है। इस बदलाव से राज्य में सुख-शांति लौट आई।

**तान्या**
कक्षा 6
दास युनिवर्सल अकेडमी, लोनी
tanyapanwar10@gmail.com



# Vedic Maths

***Question:*** Subtract 953 from 80000.

***Solution:*** We move from left to right. Remember to subtract all from nine and last from 10.

**STEP 1:** Subract one from the difference of the digits in the left most column.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| – | 0 | 0 | 9 | 5 | 3 |
| | 7 | | | | |

One is subtracted from the difference of digits.

**STEP 2:** Subract digits of the smaller number in three middle columns from 9.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| – | 0 | 0 | 9 | 5 | 3 |
| | 7 | 9 | 0 | 4 | |

0 is subtracted from 9.

9 is subtracted from 9.

5 is subtracted from 9.

**STEP 3:** Subract 3 from 10. Follow last from 10 formula.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| – | 0 | 0 | 9 | 5 | 3 |
| | 7 | 9 | 0 | 4 | 7 |

3 is subtracted from 10.

***Answer:*** 80000 – 953 = 79047

**RULES** ☞

- *We move from left. We follow all from 9 and last from 10 formula.*
- *Subtract one from the difference of digits in the left most column.*
- *Subtract all digits (except the first and last column) of the smaller number from 9.*
- *Subtract unit digit of the smaller number from 10.*

**Vivek Kumar**
vivekk24@gmail.com
www.numeracyliteracy.com

# आम के आम गुठलियों के दाम

नीलिमा ने अपनी अलमारी खोली और ये क्या!

एक एल्बम नीचे गिर पड़ी।

तभी उसके दोनों बच्चे कमरे में आ गए।

"माँ, माँ दिखाओ तो सही! ये कौन-सी ऐल्बम है?"

नीलिमा मुस्कुरा कर बोली, "अरे, इसमें मेरे बचपन के कुछ फोटो हैं।"

"अरे मम्मी, इसमें तो आपके बाल भी इतने लंबे हैं और आपने रिबन भी लगा रखा है!" कुकू ने हैरान होते हुए कहा।

नीलिमा हँस पड़ी। "हाँ, पहले मेरे बाल लंबे होते थे और मैं रिबन लगाकर दो चोटियाँ करती थी।"

चिंकी ने पूछा, "माँ इस फोटो में आपके साथ, ये बच्चा कौन है?"

"ये तुम्हारे मामाजी हैं। हमारे घर जब पहला कैमरा आया था, यह फोटो तब की है। इसमें हम दोनों कैमरे का कवर लेकर बैठे हुए हैं। तुम्हारे नानाजी ने फोटो खींची थी।"

"अरे मम्मी, और इस फोटो में तो आपको मेडल मिल रहा है! यह किसी कम्पटीशन का है क्या?" कुकू ने पूछा।

"हाँ, हाँ!" नीलिमा ने हँसकर बताया, "ये थी जलेबी रेस!"

"जलेबी रेस? यह कौन सी रेस होती है?" चिंकी ने झट पूछा।

"अच्छा सुनो! यह उस समय की बात है, जब मैं पाँचवी कक्षा में पढ़ती थी। मैडम ने बताया था, स्कूल में स्पोर्ट्स डे होने वाला है और तरह-तरह की रेस होंगी। पता लगा कि बोरी रेस, तीन टाँग रेस, लेमन रेस और साथ ही जलेबी रेस भी होगी।"



FROM AUTHORS

मुझे मिठाई बहुत पसंद है, इसलिए मैंने जलेबी रेस में अपना नाम लिखवा दिया?

हम लोगों की प्रैक्टिस शुरू हो गई। हर रोज मेरी कक्षा के कुछ बच्चे मैदान में जाते और मैडम वहाँ पर एक धागा लटका देती और हम लोगों के हाथ पीछे बाँध देती। सीटी बजती तो हम दौड़कर धागे तक आते और फिर कूदते। यह बताया गया कि यहाँ धागे पर जलेबी लटकेगी और हमे जलेबी खा कर वापिस दौड़ना है। जो पहले पहुँचेगा, वो जीत जाएगा और उसे मेडल मिलेगा।

हम लोग रोज प्रैक्टिस करने लगे, पर वहाँ जलेबी नहीं लटकाई जाती थी।

स्पोर्ट्स डे का दिन आ गया। पूरा मैदान बच्चों और उनके माता-पिता से भरा हुआ था। चारों तरफ खूब शोर था। लाउड स्पीकर पर घोषणाएँ हो रही थीं। आज कौन जीतेगा! सब यही सोच रहे थे। आज मैडम ने धागे में जलेबियाँ लटकाई। पीली-पीली जलेबियाँ, रस से भरी जलेबियाँ! वाह! हम सबके मुँह में पानी भर आया।

"मम्मी, हमारे मुंह में भी पानी आ गया।" दोनों हँसकर बोले।

पहली बार हम लोग उस धागे में से जलेबी को खींचने वाले थे। जैसे ही सीटी बजी, हम सब दौड़े और वहाँ धागे तक पहुँचकर उछलने लगे कि जलेबी मुँह में आ जाए। जैसे ही हम सब उछलते, मैडम धागा ऊपर कर देती। लेकिन फिर मैंने खूब ऊँची छलाँग लगाई और जलेबी मुँह के अंदर! अब जलेबी तो भरी होती है रस से! पूरे मुँह में रस भर गया और उसके बाद दौड़ना भी था।



मुँह बंद करके जलेबी चबा भी रहे हैं, उसका रस मुँह से बाहर भी बह रहा है और दौड़ना भी पड़ रहा है। सारा मुँह चिप-चिप कर रहा था और फिर वहाँ पहुँच गए, जहाँ रेखा खींची हुई थी।

हम सब बच्चों के हाथ खोले गए। मुझे पहला स्थान प्राप्त हुआ था। मेरी खुशी तो देखते ही बनती थी।

पूरा मुँह चिपचिपा हो रहा था, लेकिन मजा बहुत आ रहा था। उस जलेबी का रस आज तक मेरे मुँह में है। मीठी-मीठी जलेबी भी मिली और मेडल भी मिला। नीलिमा कहकर जोर से हँस पड़ी। कुकू और चिंकी भी हँस पड़े।

"वाह मम्मी! यह तो वही बात हुई - आम के आम गुठलियों के दाम!" कुकू ने चहकते हुए कहा। सभी खिलखिलाकर हँस पड़े।

**उषा छाबड़ा**
chhabrausha@gmail.com

FROM AUTHORS

# हमारा परिवार

गर्मियों की दोपहर में भोजन के बाद रिंकी अपने छोटे भाई रमन के साथ एक पुरानी मैगजीन के पन्ने पलट रही थी।

अगर रद्दी वाले काका आते तो अब तक तो यह मैगजीन भी उनके हाथ-ठेले पर पहुँच जाती।

रमन भी उसी मैगजीन में आँखें गढ़ाए हुए था। बहुत सारे और बहुत प्यारे रंगीन चित्र दोनों भाई-बहन को बहुत भा रहे थे।

बीच-बीच में कभी रमन किसी चित्र के बारे मे रिंकी से कुछ पूछ लेता तो कभी रिंकी ही किसी चित्र के बारे में रमन को कोई नई बात बताने लगती।

एक पेज पर पहुंच कर रिंकी ठहर गई। रमन भी उस चित्र को समझने की कोशिश करने लगा।

चित्र था ही कुछ ऐसा कि दोनों को आसानी से समझ नहीं आ रहा था।

कुछ हरी बिछी हुई लताओं के बीच अलग-अलग दूरी पर तीन छोटी-छोटी पेंटिंग बनी हुई थीं।

रमन ने एक पेंटिंग पर अपनी अंगुली रखकर कहा- "दीदी देखो! हम दोनो बहन-भाई यहाँ घर के बाहर खेल रहे हैं, यह हमारा घर है।"

"और यह दूसरी ओर अपने मम्मी पापा हैं।" दूसरी पेंटिंग पर अंगुली रखकर रिंकी ने कहा।

"और दूर... यह हमारे दादा-दादी...।" रिंकी का समर्थन पाकर रमन ने तीसरी पेंटिंग पर अंगुली रखकर उत्साह-से कहा।

"हाँ...।" रिंकी ने उसी अंदाज में हामी भरी।

रमन उस पेज को पलट कर आगे बढ़ना चाहता था, लेकिन रिंकी उसी पेज की इन चित्रों पर अटक कर रह गई।

"दीदी क्या हुआ? पेज पलटो ना!!" रमन ने कहा।

"रमन रुक, हम एक नया काम करते हैं।" रिंकी ने कहा।

"क्या??" रमन ने पूछा।

रिंकी एक कैंची, गम स्टिक और अपनी एक पुरानी ड्राइंग शीट ले आई।

रिंकी ने सावधानी से छोटी कैंची से तीनों पेंटिंग को काटकर मैगजीन से अलग कर दिया।

फिर उसने ड्राइंग-शीट पर स्केचपेन से एक बड़ा और प्यारा सा घर बनाया।

फिर अपनी ड्राइंग-शीट पर बनाए घर में उन पेंटिंग को गोंद से चिपकाना शुरू कर दिया।

रमन अपना छोटा-सा मुँह खोले रिंकी को यह नया काम करते देख रहा था।

अपना काम समाप्त कर रिंकी ने खुश होकर कहा "रमन अब देखो! कैसा लग रहा है?"

रमन ने देखा तो वह भी खुश हो गया। ऐसा लग रहा था, जैसे उस बड़े और प्यारे घर में दादा-दादी, मम्मी-पापा के

FROM AUTHORS

साथ वे दोनों भी मौज-मस्ती कर रहे हों।

"कैसा लगा?" रिंकी ने फिर पूछा

"अच्छा है..." रमन ने कुछ सोचते हुए कहा। और एक स्केच पेन हाथ में ले लिया।

रिंकी उत्सुकता से उसे देखने लगी।

रमन ने स्केच पेन से उसके नीचे लिखा "हमारा परिवार"।

"दीदी अब कैसा लगा?" रमन ने रिंकी से पूछा।

"बहुत अच्छा लग रहा है।" रिंकी ने रमन को गले लगाकर कहा।

दोनों ने उत्साह से उछलते हुए एक साथ कहा - 'हमारा परिवार।' 'हमारा परिवार।'

**राजेंद्र श्रीवास्तव**
rpshrivds78@gmail.com





# अपनों का दर्द

अमृता आज जब किचेन में गई तो उसे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि उसकी काम वाली दीदी रेशमा नल बंद करके गैस साफ कर रही है। वह राहत की साँस लेते हुए और मन-ही-मन खुश होते हुए वापस लौट आई।

अमृता को बचपन से ही बर्बादी पसंद नहीं थी। अब चाहे वह समय की बर्बादी हो, किसी चीज की, पानी की या बिजली की। जैसे-जैसे वह बड़ी होती गयी, वैसे-वैसे वह 'बर्बादी' और 'बचत' शब्दों के प्रति जागरूक भी होती गई।

अनावश्यक जल रहीं लाईटों को ऑफ करना, टपकते नलों को ठीक से बंद करना, आर.ओ. के वेस्ट होते पानी को इकट्ठा करके पौधों में डालना यह सब उसकी आदत में शामिल था।

वह स्वयं तो यह सब करती ही थी, दूसरों को भी यह सब बर्बाद करते देखकर टोक देती और उनको इसका महत्व समझाती।

हालाँकि, इस बात के लिए अक्सर उसे ताने सुनने को भी मिलते थे- "एक तुम्हारे ही बचाने से देश से जल-संकट खत्म नहीं हो जाएगा, बिजली नहीं बच जाएगी।"

"घड़े को भरने के लिए एक-एक बूँद का सहयोग भी बहुत होता है।"

मेरे बचाए पानी और बिजली से अगर एक जन का भी कल्याण होता है, तो यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात होगी।

और इस बात का अहसास ही मुझे अत्यंत खुशी देती है कि मैं एक "जिम्मेदार और जागरूक नागरिक हूँ" कहकर वह सबके तानों का जवाब देती।

अपने भी घर में अपनी काम वाली दीदी से अक्सर उसकी तू-तू, मैं-मैं हो जाया करती थी। रेशमा अक्सर नल खुला छोड़कर कभी चूल्हा पोंछने लगती तो कभी स्टैण्ड। यह देखकर अमृता तिलमिला जाती।

वह हमेशा उसे समझाती कि आनेवाले समय में पानी की बहुत किल्लत होने वाली है, इसलिए वह इस तरह पानी बर्बाद न करे।

लेकिन न तो वह उसकी बातों को समझने का प्रयास करती और न ही ध्यान देती। वह वैसी ही लापरवाही दिखाते हुए नल खुला छोड़कर अन्य काम करने लगती।

उस दिन भी वह ऐसा ही कर रही थी। नल खुला छोड़कर स्लैब साफ कर रही थी। अमृता ने देखा तो क्रोध से आग-बबूला हो उठी। लेकिन अपने क्रोध पर काबू रखते हुए उसने नल बंद किया और स्लैब साफ करती रेशमा का हाथ पकड़कर हॉल में ले आई।

उसे अपने सामने बैठाकर समझाने लगी- "जानती हो रेशमा, वह जो तुम्हारी चार साल की बेटी शिवानी है न, उसके बच्चों के बच्चे जब होंगे, तब हो सकता है कि उनके लिए पानी बचे ही ना।"

"यह क्या कह रही हो बीबी जी," रेशमा तिलमिलाई।

"मैं सच कह रही हूँ रेशमा, उस समय की बात छोड़ो, अभी के समय में भी कितने

राज्यों में पीने के पानी की किल्लत है। टैंकरों के आगे लंबी लाईनें लगती हैं। कुछ देशों में तो पानी के लिए हाहाकार भी मचा हुआ है।"

हम लोग अगर ऐसे ही पानी बर्बाद करते रहें तो वह दिन दूर नहीं, जब हमारी आनेवाली पीढ़ी पानी के लिए तरस जाएगी। सोचो, अगर शिवानी के बच्चों के बच्चे पानी के लिए तरसे तो क्या तुमसे बर्दाश्त होगा?

यह कड़वा सच सुनने के लिए एक माँ का हृदय तैयार नहीं था। वह फुफकारती हुई-सी बोली- "नहीं बीबी जी, ऐसा मत कहो, मेरे बच्चों के लिए इतना बुरा तो मत बोलो।"

और आज जब अमृता ने किचेन मे रेशमा को नल बंद करके चूल्हा साफ करते देखा तो, उसे एक ही बात का एहसास हुआ- "इंसान, इंसान होकर भी दूसरों का दर्द कम और अपनों का दर्द ज्यादा महसूस करता है।

काश! अपनों के दर्द की तरह ही दूसरों का दर्द भी वह समझ पाता, तो जगत का कितना कल्याण होता।"

रत्ना श्रीवास्तव
ratnashrivastava123@gmail.com



# समुंद्र किनारे

हरित वन में जहां हमेशा हरियाली रहती थी, अचानक जल संकट हो गया। बहुत दिनों से बारिश न होने के कारण सभी जीव जन्तु बहुत परेशान थे। भालू, सियार, हाथी, हिरण, और बंदर ने इस समस्या से बचने के लिए बाकी जानवरों के साथ मिलकर समुंद्र किनारे जाने की योजना बनाई। इस काम के लिए राजा शेर से अनुमति लेने का जिम्मा फनी दादा को दिया गया।

राजा शेर भी वहां जाने को तैयार थे, लेकिन जल संकट को लेकर अपने सभासदों के साथ उन्हें जरूरी मीटिंग करनी थी इसलिए फनी दादा को भी रुकना पड़ा। वरना वह शैंकी हाथी और उसके दोस्तों को कभी अकेला नहीं जाने देते, क्योंकि वह जानते थे कि वह बहुत नटखट हैं। पानी बरबाद न करने और गंदगी न फैलाने जैसी हिदायतों के साथ उन पाँचो को समुंद्र तक जाने की अनुमति मिल गयी।

समुंद्र किनारे पहुंचते ही वे सारी हिदायतें भूल गए। पहले तो देर तक पानी में नहाए, फिर एक दूसरे पर पानी फेंकने लगे। साथ में लाए बिस्किट व चिप्स के पैकेट किनारे पर फेंक दिये, फलों के छिलके व गुठलियां समुद्र में तैर रहे थे। जिससे समुंद्री जीवों को दिक्कत हो रही थी।

यह देख समुंद्र को बहुत गुस्सा आया, उन्हें रोकने के लिए उसने अपनी लहरों की गति तेज कर दी। पानी की बर्बादी और समुंद्र को गंदा होता सूरज भी देख रहा था। उसने उन सब को वहां से भगाने के लिए अपनी किरणों का ताप बढ़ा दिया।

गर्मी बढ़ती देख किट्टू हिरण बोला, "चलो यहां से चलते हैं। मैंने सुना है आगे कुछ खेत हैं। वहां जरूर कुछ खाने को मिल जाएगा।"



FROM AUTHORS



वहाँ जाकर भी उन्होने खूब धमाल मचाया और पेड़ों को परेशान किया। शैंकी को एक माचिस दिखाई दी, जिससे उसने एक पेड़ मे आग लगा दी।

सभासदों के साथ मीटिंग खत्म हो जाने पर राजा शेर भी वहाँ आ गए कि वह जल संकट दूर करने के लिए समुंद्र से अपना पानी किसी तरह जंगल तक पहुंचाने के लिए कहेंगे। वे जब समुंद्र किनारे पहुंचे तो वहां फैली गंदगी को देखकर उन्हें बहुत बुरा लगा।

"यहां से वापस चले जाओ। पहले ही तुम्हारे जंगल के प्राणियों ने मेरा बुरा हाल कर दिया है," समुंद्र ने क्रोध से कहा।

वहाँ रहने वाले कछुआ तथा मछलियों ने बाकी जानवरों की शिकायत करते हुये कहा, "हमारा समुंद्र कितना सुंदर है, लेकिन उन्होंने सब खराब कर दिया। यह भी कोई तरीका होता है मौज मस्ती करने का? और अब उन्होंने उस खेत में आग लगा दी है।"

उनकी बात सुनकर सब खेत की ओर दौड़े। पेड़ को जलते देखा तो फिर वापस समुंद्र की ओर भागे और उससे प्रार्थना करने लगे कि वह अपना पानी देकर उनकी मदद करे।

"मेरा पानी भी सूरज के ताप से बहुत कम हो गया है। तुम्हें सूरज से मदद मांगनी होगी।"

सूरज सब देख रहा था। उसने अपना ताप और बढ़ा दिया ताकि समुंद्र का पानी वाष्प बन उड़े और बादल बनकर बारिश करे। कुछ देर बाद बारिश होने लगी और खेत की आग बुझ गई। समुंद्र में भी पानी भरने लगा।

राजा शेर ने सभी प्राणियों को डांटते हुये कहा कि पहले समुंद्र और उसके किनारे को साफ करो, तभी वापस लौटना। "मौज-मस्ती करने का यह मतलब नहीं कि किसी और को नुकसान पहुंचाओ", राजा शेर ने उन्हें फटकारा।

समुंद्र ने वादा किया कि वह अपनी नदियों की सहायता से हरित वन तक पानी पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**सुमन बाजपेयी**
sumanbajpai@gmail.com

# अम्मा अब तो सर्दी आई



अम्मा अब तो सर्दी आई।
लगती मुझको यह दुखदाई।।

हाथ पैर में आती ठिठुरन,
माँस पेशियों में हैं जकड़न,
ऐसे कैसे करूँ पढ़ाई।
अम्मा अब तो सर्दी आई।

सर्द हवाएँ चलती दिनभर,
भाता है मन को बस बिस्तर,
भीतर दुबका रहूँ रजाई।
अम्मा अब तो सर्दी आई।

तन कहता अब नहीं नहाऊँ,
मन करता मैं स्कूल न जाऊँ,
कर दो तुम कुछ जतन भलाई।
अम्मा अब तो सर्दी आई।

अम्मा अब तो सर्दी आई।
लगती मुझको यह दुखदाई।।

**कन्हैया साहू 'अमित'**
ps.lamti.101@gmail.com

# मुन्ने का बस्ता

मुन्ने की सारी दुनिया है, उसके बस्ते में।

सुबह सवेरे पांच बजे ही, मुन्ना उठ जाता।
दांत साफ कर और नहा कर, प्रभु के गुण गाता।
नम्र भाव होते हैं उसके, सदा नमस्ते में।
मुन्ने की सारी दुनिया है, उसके बस्ते में।।

सदा समय से वह जाता है, अपने विद्यालय।
शिक्षा का मंदिर है पावन, विद्या का आलय।
पढ़े पाठ दोहराता जाता, फिर वह रस्ते में।
मुन्ने की सारी दुनिया है,उसके बस्ते में।।

कई तरह के रंग बिरंगे, पेन पेंसिल प्यारे।
गोल-गोल पत्थर के टुकड़े, कंचे भी हैं न्यारे।
सजा फूल टीचर को देता, वह गुलदस्ते में।
मुन्ने की सारी दुनिया है, उसके बस्ते में।।

रंग बिरंगी चमकीली सी, प्यारी सी पन्नी।
रखी छुपा कर देख नहीं ले, छोटी सी मुन्नी।
अटका है मन लंच बॉक्स के, पूड़ी खस्ते में।
मुन्ने की सारी दुनिया है, उसके बस्ते में।।


एक दिवस बस्ते को, टीचर जी ने जब खोला।
चपटी चिकनी कई गोटियां, चकरी का गोला।
नेह टपकता उनके हौले-हौले हँसने में।
मुन्ने की सारी दुनिया है, उसके बस्ते में।।

श्याम सुंदर श्रीवास्तव 'कोमल'
srivastavashyamsundar00@gmail.com



# Know Your State

- **P__T__A** is the Capital of Bihar.
- The State Flower of Bihar is **M_R_GO_D.**
- **_HH_TH P_J_** is the state festival of Bihar.
- **C_HA_** is the famous folk dance of Bihar, known for its energetic masked performances.
- **B_D_ G_Y_** historical site in Bihar is associated with the Buddha attaining enlightenment.




- **K_S_** river is known as the "Sorrow of Bihar" due to its frequent flooding.
- **M_GA_H** was the ancient name of Patna.
- **N_L_ND_**, the ancient university was located in Bihar.
- **_A_G_** river is the lifeline of Bihar.
- **T_L_ID_S** is the famous Hindi poet from Bihar known for his epic "Ramcharitmanas".

FUN-O-FACTS

## Do You Know?


**A glass filled with cold water accumulates water droplets on its outer surface. Why?**

This is because the moisture in the air condenses on the cold glass surface. The same principle is also responsible for rain-rain is nothing but condensation of water vapour in the air that is cooled while rising to cold regions of the upper atmosphere.



# सुशासन दिवस
# (Good Governance Day)

हर वर्ष भारत मे 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री **श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी** की वर्षगांठ पर, उन्हें श्रद्धांजलि देने और सुशासन के महत्व को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024 में सुशासन दिवस की शुरुआत अटल जी की लोकतांत्रिक दृष्टि और प्रशासनिक क्षमता को ध्यान मे रखते हुये, उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से लिया गया। अटल जी का कार्यकाल ऐसे समय में आया जब देश आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर बड़े बदलावों से गुजर रहा था। उनकी नीतियाँ और योजनाएँ सुशासन के मूल सिद्धांतों पारदर्शिता, जवाबदेही, और समावेशिता पर आधारित थीं। इस दिन को सुशासन यानी अच्छे शासन के विचार को बढ़ावा देने के लिए चुना गया। देश की प्रशासनिक व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समस्याओं को हल करने में सक्षम हो और सभी को समान अवसर प्रदान करे। सुशासन का अर्थ है ऐसी शासन व्यवस्था जो जनता के कल्याण को प्राथमिकता देती हो। इसके कुछ मुख्य स्तम्भ इस प्रकार हैं।

- **पारदर्शितारू** जनता को सभी सरकारी नीतियों और कार्यों की जानकारी होनी चाहिए।
- **जवाबदेहीरू** सरकारी तंत्र को जनता के प्रति उत्तरदायी होना चाहिए।
- **समानतारू समाज** के सभी लोगों को समान अवसर और सेवाएँ प्रदान की जानी चाहिए।
- **कानून का शासनरू** सभी कार्य संविधान और कानून के दायरे में होने चाहिए।
- **समावेशितारू** कमजोर और वंचित वर्गों की जरूरतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।
- **प्रभावशीलतारू प्रशासनिक** तंत्र को तेज और कुशल बनाना चाहिए।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के एक ऐसे महानायक थे, जिनकी नीतियाँ और दृष्टिकोण आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। अटल जी का जन्म **25 दिसंबर** 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर में हुआ। उनका बचपन साधारण पारिवारिक माहौल में बीता, लेकिन उनकी शिक्षा और विचारधारा ने उन्हें असाधारण बना दिया। वे भारत के दसवें प्रधानमंत्री थे और उनका कार्यकाल 1998 से 2004 तक रहा। उन्होने अपने कार्यकाल मे कई ऐतिहासिक फैसले लिए जैसे **गोल्डन क्वाड्रिलैटरल परियोजना** (सड़क निर्माण) और पोखरण परमाणु परीक्षण। इसके अलावा, उन्होंने शिक्षा, ग्रामीण विकास और कूटनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अटल जी एक उत्कृष्ट कवि और वक्ता भी थे। उनकी कविताएँ मानवीय मूल्यों और राष्ट्रीयता की भावना से भरपूर हैं। उन्हें अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया।

# Udaipur Pustak Pradarshini
## (20-26 September 2024)

The Udaipur Pustak Pradarshini, organized by the National Book Trust, India from 20 to 26 September, 2024 at Soochna Kendra, Udaipur, was a vibrant celebration of literature and creativity.





A significant highlight of this seven-day book exhibition was the Children's Corner, curated by the National Centre for Children's Literature (NCCL), which offered a rich array of activities designed to ignite children's imagination, creativity, and love for reading.

Every day, the Children's Corner came alive with engaging storytelling sessions in English, Hindi, and Marwari, immersing young audiences in the rich storytelling traditions of Rajasthan. Theater and craft workshops added an element of hands-on creativity, captivating over 250 children each day, with a total of about 1,500 students from 15 schools participated in the event.

Students also explored new forms of expression, such as caricature, book cover design and nukkad natak. The Poster design competition encouraged students to reflect on social issues like "Save Earth," "World Population," and "Beti Bachao, Beti Padhao," fostering creativity while raising awareness of social and environmental issues. Artistic activities such as mandala art, bookmark-making, and book cover design allowed children to express themselves on canvas and embrace the joy of creating.



















Interactive sessions added to the learning experience, with a special focus on vedic maths, where children learned ancient problem-solving techniques. A lively quiz contest gave them an opportunity to test their new skills, and winners received book prizes from NBT-India. Certificates of participation were awarded to all children, ensuring each felt recognized and celebrated.



The success of the event was a testament to the dedication of deputed teachers and coordinators, who were honoured by NBT-India for their invaluable contributions. The Children's Corner was a joyful hub of laughter, learning, and creativity, leaving a lasting impact on all who attended and helping NBT-India further its mission to promote reading and a lifelong love of literature.



















# अद्दू की दुनिया

Episode 1




Comic Strip


खाली बाल्टी में पानी गिरेगा, माँ को कुछ पता नहीं चलेगा
लो हो गया मैं तैयार, आज नाश्ते में क्या बनाया है?
बाथरूम में तो खत्म था, तू बिना साबुन के कैसे नहाया है?

COMIC STRIP

# Ink & Imagination

Following the vision of Viksit Bharat by 2047, NCCL is happy to announce a special competition that will last for a whole year! Yes, you heard it right, lots of fun and creativity!

All the classes will get a chance in the upcoming 8 issues of the magazine. Just keep reading your favourite magazine, ***Reader's Club Bulletin***, and watch this page for more details.

NCCL is inviting ORIGINAL Stories, Poems (in English and Hindi) & Drawing (in any medium) for the 'Ink & Imagination' section of next issue of ***Reader's Club Bulletin***!

**Theme** – Viksit Bharat@2047

**Topic** – अनेकता में एकता


**Last Date for Entries** – 20 February 2025

**Written Entries** – 1st Prize / 2nd Prize / 3rd Prize

**Drawings** – 1st Prize / 2nd Prize / 3rd Prize

**Rules:**

- The edition's competition is open to school children of **Classes 6 to 8**.
- Each participant is allowed to send ONE written entry/or ONE drawing only.
- Schools can send a maximum of TEN written entries & TEN drawings.
- The written entries must be typed; handwritten entries shall not be accepted.
- The word count of prose shouldn't exceed 200-250 words; poems shouldn't exceed 25 lines.
- Each entry must clearly indicate the word count for prose/line count for poems.
- Any departure from the given length would disqualify the entry.
- The entries should be sent via email (MS Word .doc file for written entry & Scanned jpegs for Paintings).
- Each entry must be accompanied by the Declaration form (given on next page) duly filled. Photocopy of the declaration form is permissible.
- Each entry & Declaration should be sent in a single email as attachments to: **nccl.nbtindia@gmail.com**



## Declaration

**For Students**

I,___________________________________

age__________, declare that my entry, ______
___________________________________ is my
original, unpublished work. If found otherwise, the entry will not be accepted NBT-India.

____________________

(Paticipant's Signature)

## Declaration

**For Teachers/Parents**

Name ___________________________________

Address _________________________________

_________________________ Pincode__________

Mobile no._______________________________

Email ___________________________________

Name of School ___________________________

School Address ___________________________

_________________________ Pincode__________

____________________ Date____/____/______

(Teacher's/Parent's Signature)

Here are the winners of the ongoing competition for classes 6 to 8 (from Sunbeam School, Lahartara (Varanasi)) on the theme of '**Viksit Bharat@2047**'. The topic for this issue was 'Peaceful World'. For our next edition, the topic is '**अनेकता में एकता**'. Details are provided on the previous page. We look forward to receiving your entries.

1

**Nirali Raj**
Class VI



2

**Ardhya Tulsyan**
Class VII



3

**Manvi Srivastava**
Class VII



CREATIVE TIME

R.N.I No. 64771/96




National Centre for Children's Literature
NATIONAL BOOK TRUST, INDIA (Ministry of Education Govt. of India)
5, Institutional Area, Phase - II, Vasant Kunj, New Delhi-110070
E-Mail : nccl.nbtindia@gmail.com, nccl@nbtindia.gov.in